# Report

## THAKUR JAGDEV CHAND MEMORIAL GOVT. DEGREE COLLEGE, SUJANPUR TIRA


## ANTI-RAGGING WEEK CELEBRATION

## COMPLETE EVENT GALLERY & DOCUMENTATION


ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में रैगिंग विरोधी समिति द्वारा रैगिंग विरोधी सप्ताह दिनांक 12 8.2026 से 19 8.2026 तक आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर जी ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रैगिंग विरोधी शपथ दिलाई। प्राचार्या महोदया ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए रैगिंग विरोधी समिति बनाई गई है।यदि रैगिंग का कोई मामला आता है तो उसके लिए कानून में निर्धारित जुर्माने के साथ सजा का भी प्रावधान है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि महाविद्यालय में सौहार्दपूर्ण और शैक्षिक वातावरण स्थापित हो ताकि कोई भी छात्र मानसिक ,शारीरिक तथा बौद्धिक रूप से पीड़ित ना हो और महाविद्यालय में अधिगम शिक्षण सुचारू रूप से अनवरत चले। तत्पश्चात दिनांक 13 अगस्त 2026 को द्वितीय दिवस में प्राचार्या विभा ठाकुर जी ने छात्र-छात्राओं की रैली को झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। तृतीय दिवस में रैगिंग विरोधी समिति द्वारा सेल्फी कॉर्नर का निर्माण करके सभी शिक्षक वर्ग और छात्र-छात्राओं ने रैगिंग विरोधी सेल्फी कॉर्नर में अपनी अपनी सेल्फी लेकर रैगिंग विरोधी कार्यक्रम में चार चांद लगाए। अन्य जागरूकता कार्यक्रमों में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैगिंग विरोधी पोस्टर मेकिंग में मोहित प्रथम , पियूष द्वितीय एवं अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में पीयूष प्रथम , निमि द्वितीय एवं राहुल तृतीय रहे। महाविद्यालय में रैगिंग विरोधी सप्ताह के अंतिम दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा ठाकुर जी ने सुजानपुर पुलिस थाना के अन्वेषण अधिकारी अनिल गर्ग जी का स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से आपसी सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में अन्वेषण अधिकारी अनिल गर्ग जी ने विद्यार्थियों से रैगिंग के दुष्परिणाम और विद्यार्थियों में रैगिंग रोकने के प्रति जागरूकता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए ।उन्होंने रैगिंग को रोकने के लिए केंद्र सरकार उच्चतम न्यायालय के विभिन्न कानून के बारे में विचार साझा किए। उन्होंने कहा रैगिंग किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और विद्यार्थियों को कानून व अनुशासन का

पालन करना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक एवं रैगिंग विरोधी समिति की समन्वयक डॉ दिव्या शर्मा ने रैगिंग के मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों से किसी भी घटना की जानकारी बिना भय के प्रशासन को देने की अपील की। इसी समारोह में रैगिंग विरोधी विषय पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रहसन का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ सुमन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुमन शर्मा, प्रोफेसर प्रमोद शर्मा, प्रोफेसर सपना राणा, प्रोफेसर राजेश खरवाल, डॉ राजीव भंडारी, प्रोफेसर वंदना, प्रोफेसर राजीव, प्रोफेसर अरविंद, प्रोफेसर निर्मला, प्रोफेसर मितुल, प्रोफेसर संदीप शर्मा, प्रोफेसर बनिता भूरिया आदि सभी शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे तथा लगभग 150 छात्र भी उपस्थित रहे।



## Anti-Ragging Pledge To Promote A Safe Campus Environment











# Selfie For A Safe Campus By Teachers And Students






# Anti-Ragging Awareness Rally







# Anti-Ragging Creative Expression



Speech On Anti Ragging Week Celebration By Principal





## Anti-Ragging Awareness Session By Resource Person








STOP RAGGING

# Skit Performance On Anti Ragging Week Celebration





# Media Report On Anti Ragging Week Celebration

## सुजानपुर में युवाओं ने लिया रैगिंग विरोधी कॉलेज का संकल्प

### शपथ ग्रहण के साथ संपन्न हुआ जागरूकता कार्यक्रम

[illegible]



सुजानपुर : एंटी रैगिंग सप्ताह के प्रथम दिन महाविद्यालय सुजानपुर की प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थी जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते हुए। (अमर उजाला)

[illegible]

... सभी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय को रैगिंग मुक्त, सुरक्षित और अनुशासित बनाए रखने का संकल्प लिया।

[illegible]

## प्राचार्या ने दिलाई रैगिंग शपथ, दबंगई पर लगेगी लगाम




सुजानपुर। राजकीय ... महाविद्यालय सुजानपुर ... सप्ताह के प्रथम दिन का आयोजन जागरूकता एवं शपथ ... साथ किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. विभा ठाकुर द्वारा किया गया। प्राचार्या डा. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के विरुद्ध शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर प्रो. प्रमोद, डा. सुमन शर्मा, डा. सपना राणा, प्रो. वंदना कुमारी, डा. उमा देवी, प्रो. निर्मला देवी, प्रो. उमा शर्मा, डा. राजीव भंडारी, प्रो. अरविंद कुमार (वनस्पति विज्ञान), प्रो. राजीव ठाकुर, प्रो. अरविंद पुरी, प्रो. शशि शर्मा, प्रो. रोहित, प्रो. राजेश खारवाल, प्रो. मितुल, प्रो. साहिल, प्रो. आशु महाजन, प्रो. रूबी, प्रो. आरती, प्रो. अंजू राणा, प्रो. वनीता भूरिया तथा प्रो. नीना सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## रेड रिबन क्लब के 150 युवाओं ने भरी हुंकार









Anti-Ragging Committee
Dr Divya Sharma
Prof. Rajesh Kharwal
Prof Vandana
Prof Rajeev Thakur
Prof. Banita Bhuria

Principal
GC Sujanpur